प्रेस प्रकाशनी PRESS RELEASE

भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA

वेबसाइट : www.rbi.org.in/hindi
Website : www.rbi.org.in
ई-मेल/email : helpdoc@rbi.org.in

**संचार विभाग,** केंद्रीय कार्यालय, शहीद भगत सिंह मार्ग, फोर्ट, मुंबई - 400 001
**Department of Communication**, Central Office, Shahid Bhagat Singh Marg, Fort, Mumbai - 400 001 फोन/Phone: 022 - 2266 0502

28 फरवरी 2025

**जापान और भारत के बीच द्विपक्षीय स्वैप व्यवस्था का नवीनीकरण**

जापान और भारत ने आज (28 फरवरी 2025) से द्विपक्षीय स्वैप व्यवस्था (बीएसए) को नवीनीकृत किया।

जापान के वित्त मंत्री के प्रतिनिधि के रूप में कार्यरत, बैंक ऑफ जापान और भारतीय रिज़र्व बैंक ने बीएसए के दूसरे संशोधन और पुनर्संरचना करार पर हस्ताक्षर किए। बीएसए एक दोतरफा व्यवस्था है, जिसमें दोनों प्राधिकरण अमेरिकी डॉलर के बदले अपनी स्थानीय मुद्राओं की अदला-बदली कर सकते हैं। बीएसए का आकार अपरिवर्तित है, अर्थात 75 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक।

जापान और भारत का मानना है कि बीएसए, जिसका उद्देश्य अन्य वित्तीय रक्षा कवचों को मजबूत करना और उनका पूरक बनना है, दोनों देशों के बीच वित्तीय सहयोग को और मजबूत करेगा तथा क्षेत्रीय और वैश्विक वित्तीय स्थिरता में योगदान देगा।

**(पुनीत पंचोली)**
मुख्य महाप्रबंधक

**प्रेस प्रकाशनी: 2024-2025/2272**